22 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 3/22/2025 9:59 PM Page 1

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 23 मार्च 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 शराब पीकर बोतल और कांच के टुकड़े फेंक रहे नदी किनारे



## खबर संक्षेप

### मंत्री लक्ष्मी के सम्मान में रैंप वॉक 30 को



**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाई देने और महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के सम्मान में 30 मार्च को नारी सशक्तिकरण का महाकुंभ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम माता राजमोहिनी ऑडिटोरियम में होगा, जहां विश्व रिकॉर्ड स्तर का महिला सशक्तिकरण रैंप वॉक किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं भाग लेंगी तथा विभिन्न श्रेणियों में रैंप वॉक के जरिए नारी शक्ति, आत्मनिर्भरता और सामाजिक योगदान का प्रदर्शन करेंगी। रैंप वॉक, सेल्फ-लव, मॉम एण्ड किड्स, देवरानी-जेठानी, प्राउड होममेकर, पैशन एण्ड प्रोफेशन, नो एज लिमिट होगा। प्रतिभागी को 1000 एवं दर्शकों को 500 का गिफ्ट हैंपर प्रदान किया जाएगा।

### पिंकी को मिली पीएचडी की उपाधि



**अम्बिकापुर।** शहर के मायापुर निवासी श्रीमती पिंकी सिन्हा पति मनोज सिन्हा को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। सामाजिक चेतना के विकास में हिन्दी पत्रकारिता का योगदान विषय पर उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ.कीर्ति बाजपेयी के निर्देशन में पूरा किया। पीएचडी के पूर्व डॉ.बद्रीनारायण मिश्र की कविताओं का अध्ययन विषय पर डॉ.हेमलता माहेश्वरी के निर्देशन में उन्हें गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा एमफिल की उपाधि प्रदान की गई थी। इस दौरान वे होलीक्रॉस विमेंस कॉलेज एवं साईं बाबा कॉलेज में लम्बे समय तक सहायक प्राध्यापक के पद पर पदस्थ रही।

### अग्निवीर भर्ती का परिणाम घोषित, प्रारंभिक ब्रीफिंग कल

**अम्बिकापुर।** उपसंचालक, रोजगार ने बताया कि छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती का परिणाम घोषित कर दिया गया है। यह परिणाम जॉइन इंडियन आर्मी के वेबसाइट पर उपलब्ध है और सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किए गए है। उन्होंने बताया कि सभी चयनित अभ्यर्थियों को 24 मार्च को सुबह 6.30 बजे सेना भर्ती कार्यालय रायपुर जो कि शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर के पास स्थित है वहां प्रारंभिक ब्रीफिंग और डिस्पैच प्रलेखन के लिए उपस्थित होना जरूरी है।

### गाज की चपेट में आकर घायल ग्रामीण की मौत

**सीतापुर।** गाज की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। बता दें कि शुक्रवार की शाम से मौसम में हुए बदलाव और चक्रवाती परिसंचरण के कारण जिले में गरज चमक के साथ मूसलाधार बारिश और जमकर ओला वृष्टि हुई है। इस दौरान जगह जगह गाज गिरने की घटनाएं भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि गाज की चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। थाना अंतर्गत ग्राम सुरेशपुर स्कूल पारा निवासी 55 वर्षीय श्याम लाल चिकवा आ. स्व. रामचन्द्र चिकवा गांव का चौकीदार था और वह रात को अपने घर में सो रहा था। परिजन के अनुसार सोते समय खपरैल घर में आकाशीय बिजली गिरने के कारण वह गंभीर रूप से झुलस गया था। परिजन द्वारा ग्रामीण को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जहां शनिवार की देर शाम 7.15 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



**रमज़ान मुबारक**

**बाईसवां रोज़ा**

आज का इफ्तार - 6.12 बजे

कल की सेहरी - 4.34 बजे

## रबी एवं उद्यानिकी फसलों को भारी नुकसान

# मूसलाधार बारिश के साथ जमकर गिरे ओले



आंधी एवं आलेवृष्टि से लेटी गेहूं की फसल।



प्रभावित सब्जी की खेती।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से शुक्रवार को हुई ओलावृष्टि एवं मूसलाधार बारिश ने शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में भारी तबाही मचाई है। ओलावृष्टि से न्यूनतम तापमान में 6.0 डिग्री से अधिक की गिरावट जबकि अधिकतम तापमान में 2.0 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि तथा पिछले 24 घंटों में 29.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। विक्षोभ अभी कमजोर नहीं पड़ा है लिहाजा मौसम विज्ञानी रात में भी कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बेमौसम बारिश होने तथा ओले गिरने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**खास बात**

- खेत में बिखरी गेंहू की बालियां लेट गई फसल

पछुआ विक्षोभ की सक्रियता से शुक्रवार को पठारी क्षेत्रों से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक गरज-चमक एवं तेज रफ्तार हवा के साथ जमकर ओलावृष्टि हुई। इस दौरान विकासखण्ड उदयपुर के कुछ क्षेत्रों में मूसलाधार वर्षा हुई। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में भी रूक-रूक कर वर्षा हुई। मौसम कार्यालय द्वारा शुक्रवार की शाम 2.9 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। शुक्रवार की मध्यरात्रि विक्षोभ ने जमकर अपनी ताकत दिखाई। इस दौरान गरज-चमक के साथ तेज रफ्तार आंधी चली तथा मूसलाधार वर्षा के साथ जमकर ओले गिरे। मध्यरात्रि बादलों के तेज गर्जन के बीच बड़े-बड़े ओलों के गिरने की शोर से भयावह स्थिति निर्मित हो गई है। मध्यरात्रि 12 बजे से 1 बजे तक हुई मूसलाधार बारिश से शहर की नालियां उफनने लगी तथा नालियों का गंदा पानी देर रात तक सड़कों पर बहता रहा।

वर्षा की रफ्तार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक घंटे में 23.5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से वातावरण में ठंडक घुल गई है। हालांकि इसका प्रभाव अधिक दिनों तक नहीं रहेगा। फिर भी चार-पांच दिनों तक गर्मी से राहत रहने की उम्मीद है। सोमवार को उत्तर भारत में एक नया विक्षोभ सक्रिय होगा जिसके प्रभाव से एक बार फिर मौसम में बदलाव आएगा।

### रबी फसलों को भारी नुकसान

तेज रफ्तार आंधी, ओलावृष्टि एवं मूसलाधार बारिश से रबी फसलों के साथ ही उद्यानिकी एवं सब्जी वर्गीय फसलों को भारी नुकसान हुआ है। गेहूं, मटर, चना, सरसों, अरहर सहित अन्य रबी फसले पककर तैयार हो गई हैं। कुछ फसलों की कटाई हो गई है जबकि कुछ की कटाई करने की तैयारी की जा रही है। आंधी से गेहूं की फसल लेट हो गई है वहीं ओलावृष्टि से गेहूं की बालियां टूटकर बिखर गई है। सब्जियों की फसल को भी ओलावृष्टि से भारी नुकसान हुआ है। ओले से सब्जियों के पौधे और फसल तबाह हो गए है। महुआ, आम एवं लीची की फसल पर भी ओलावृष्टि, मूसलाधार बारिश एवं आंधी का विपरीत प्रभाव पड़ा है तथा फसल पूरी तरह से तबाह हो गई है। मौसम की मार से प्रभावित किसानों की नजर राहत के लिए शासन पर टिकी है। ओलावृष्टि से टमाटर की फसल पूरी तरह से तबाह हो गई है।

### रसौकी पहाड़ी पर जमी बर्फ की मोटी परत



**बिहारपुर।** बीती रात गरज-चमक एवं आंधी के साथ पहाड़ी क्षेत्रों में जमकर ओले गिरे। ओलावृष्टि से गेहूं सहित अन्य रबी फसलें, सब्जियां व उद्यानिकी फसलें तबाह हो गई है। शुक्रवार को दिन में दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में गरज-चमक के साथ रूक-रूक कर वर्षा हुई वहीं रात में तेज आंधी के साथ क्षेत्र में जमकर ओलावृष्टि हुई। मैदानी क्षेत्रों में ओलावृष्टि का प्रभाव कुछ कम रहा। इस दौरान गरज-चमक के साथ कुछ देर तक ओले गिरे तथा मूसलाधार वर्षा हुई। इसके विपरीत पठारी क्षेत्रों में जमकर ओले गिरे। ग्राम पंचायत रामगढ़, उमझर, रसौकी, बैजनपाट, लुल्ह, तेलाईपाट में एक घंटे तक ओलावृष्टि होने की सूचना है। ग्राम पंचायत रसौकी स्थित पहाड़ी पर ओले की मोटी परत जम गई थी। सूचना पर सुबह बड़ी संख्या में लोग पहाड़ी पर जमी बर्फ की परत देखने रसौकी पहुंचे थे। पांच साल पूर्व भी रसौकी में जमकर ओले गिरे थे। ओलावृष्टि से महुआ, आम, मुनगा, प्याज, गेहूं, सरसों, अरहर एवं सब्जियों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है।

## शुभम ने एसएससी-सीजीएल परीक्षा में हासिल की देश में पहली रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- विदेश मंत्रालय में मिली एएसओ के पद पर नियुक्ति, पहली बार प्रदेश से किसी युवा ने किया टॉप

कहते है कि यदि कड़ी मेहनत और लगन के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ा जाए तो निश्चित रूप से सफलता मिलती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है शहर के शुभम अग्रवाल ने, शुभम ने एसएससी सीजीएल परीक्षा में भारत में पहला स्थान हासिल किया है। स्टाफ सलेक्शन कमीशन कंबाइंड ग्रेजुएट लेबल परीक्षा में शुभम ने 383 अंकों के साथ देश में प्रथम रैंक हासिल कर जिले और प्रदेश का नाम रौशन किया है। परीक्षा में सफलता के बाद शुभम का चयन अब विदेश मंत्रालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के रुप में हो भी गया है और जल्द ही वे अपनी ज्वाइनिंग देंगे। बड़ी बात यह है कि इससे पहले छत्तीसगढ़ से किसी भी छात्र ने एसएससी जैसी परीक्षा में देश में टॉप नहीं किया था लेकिन इस बार सरगुजा के युवा ने इस सपने को भी सच कर दिया है। देश भर में प्रदेश और जिले का नाम रौशन करने वाले शुभम अग्रवाल से हरिभूमि ने बात की।

बता दें कि शहर के कुंडला सिटी निवासी शुभम अग्रवाल ने एसएससी सीजीएल परीक्षा में सफलता हासिल की है। शुभम स्टाफ सिलेक्शन कमीशन कंबाइंड ग्रेजुएट लेबल परीक्षा 2024-25 में शामिल हुए थे। 9 से 26 सितम्बर 2024 तक हुई टियर 1 की परीक्षा में शुभम ने सफलता हासिल की। इस दौरान टियर 1 की परीक्षा में 19 लाख छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया था जबकि टियर 2 की परीक्षा में 1 लाख 65 हजार से अधिक छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया और 18 से 20 जनवरी तक हुई परीक्षा में शुभम ने 390 में से कुल 383 अंक हासिल कर देश में प्रथम स्थान हासिल करने में सफलता पाई है। शुभम के प्रारंभिक शिक्षा की बात की जाए तो उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सूरजपुर जिले के भैयाथान नेहरु बाल विद्या मन्दिर से की थी जबकि सूरजपुर ग्लोबल पब्लिक स्कूल से उन्होंने कक्षा 9वीं और 10वीं की पढ़ाई पूरी की जबकि भैयाथान शासकीय स्कूल से उन्होंने 11वीं 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के साथ ही रायपुर एनआईटी रायपुर से स्नातक की शिक्षा हासिल की। इस दौरान उन्होंने यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। शुभम ने बताया कि वे वर्ष 2017 से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे और उन्होंने यूपीएससी की प्री परीक्षा उत्तीर्ण की लेकिन इसके बाद उन्होंने स्टाफ सलेक्शन कमीशन कंबाइंड ग्रेजुएट लेबल परीक्षा में भाग्य आजमाने का निर्णय लिया और महज छह माह तक कड़ी मेहनत के जरिए उन्होंने सफलता हासिल की। परीक्षा में सफलता हासिल करने के बाद उन्हें भारत सरकार के विदेश मंत्रालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर का पद मिला है। वे जल्द ही एएसओ की पोस्ट पर अपना पदभार ग्रहण करेंगे। उनकी इस सफलता से परिवार के साथ ही जिले वासियों में हर्ष का माहौल है। बता दें कि शुभम अग्रवाल के पिता मुकेश अग्रवाल पेशे से व्यवसायी है। शुभम ने इस उपलब्धि के लिए अपने माता-पिता,भाई, धर्मपत्नी के साथ साथ अपने गुरुजन को श्रेय दिया है।



## महिला की मौत के मामले में नीम हकीम गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- पाइल्स का उपचार कराने गई महिला को लगाया था मोंटास का इंजेक्शन, उपचार के दौरान हुई थी मौत

झोलाछाप डॉक्टर के उपचार से महिला हास्टल अधीक्षक की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शंकरगढ़ पुलिस ने जांच व पीएम रिपोर्ट के आधार पर मामले में बंगाली डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने महिला को मोंटास का इंजेक्शन लगाया था जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कथित झोलाछाप डॉक्टर द्वारा फेंके गए मोंटास इंजेक्शन की शीशी को भी बरामद कर लिया गया है।

बता दें कि जिले के शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम भैरवपुर निवासी 40 वर्षीया गायत्री तिर्की पति लवकुश तिर्की जगिमा पहाड़ी कोरवा आश्रम में हॉस्टल अधीक्षिका के पद पर पदस्थ थी। महिला को पाइल्स की शिकायत थी और वह बचवार स्थित लक्ष्मी मेडिकल स्टोर के झोला झाप डॉक्टर अशोक बंगाली से अपना उपचार करा रही थी। बंगाली डॉक्टर ने महिला को दर्द से राहत के लिए 20 नवम्बर 2024 को 2 इंजेक्शन लगाए थे जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया था इसके साथ ही सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह के निर्देश पर बंगाली डॉक्टर के क्लिनिक लक्ष्मी मेडिकल स्टोर में छापा मारने के साथ ही भारी मात्रा में दवाइयां जब्त की थी और क्लिनिक को सील कर दिया था। इधर इस मामले में शंकरगढ़ पुलिस ने कार्रवाई की है। मृतिका के पीएम रिपोर्ट में लापरवाही के कारण मौत की पुष्टि होने के बाद पुलिस द्वारा लक्ष्मी मेडिकल स्टोर के संचालक राजपुर लडुवा नवापारा निवासी 37 वर्षीय अशोक विश्वास आ. स्व. नकुल विश्वास को हिरासत में लेकर मरीजों का उपचार करने और सुई दवाई करने के सम्बन्ध में अनुज्ञप्ति पत्र या अन्य दस्तावेजों की मांग की गई लेकिन बंगाली डॉक्टर कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। इस दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने महिला को बिना किसी अनुभव के मोंटास इंजेक्शन लगाया था और इंजेक्शन की शीशी को परसापानी के पास फेंक दिया था। थाना प्रभारी शंकरगढ़ जितेन्द्र सोनी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी बंगाली डॉक्टर अशोक विश्वास को बीएनएस की धारा 105 के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही उसके निशानदेही पर फेंकी गई मोंटास इंजेक्शन की शीशी को बरामद किया है।



## राज्यपाल 26 को जिले के प्रवास पर, प्रशासनिक अधिकारियों की लेंगे बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- तैयारियां जोरों पर, कलेक्टर ने की बैठक

प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका 26 मार्च को सूरजपुर जिले के प्रवास पर आ रहे है। राज्यपाल श्री डेका प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लें गे। राज्यपाल के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। शनिवार को कलेक्टर ने जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागों से संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

बता दें कि प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका का 26 मार्च को सूरजपुर जिले में दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान राज्यपाल श्री रमेन डेका द्वारा जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की जाएगी। इस बैठक में राज्यपाल अधिकारियों से चर्चा करेंगे। राज्यपाल के आगमन को लेकर शनिवार को कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में सर्व विभाग प्रमुख के साथ जिला संयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए ताकि राज्यपाल जिले की वास्तविक वस्तु स्थिति से परिचित हो सकें और उनका मार्गदर्शन प्राप्त हो सके। इस अवसर पर डीएफओ पंकज कमल, जिपं सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन ने जांच के बाद की शिकायत

# फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने के मामले में पुलिस ने दर्ज किया अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खबर का असर**

फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने के मामले में मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से च्वाइस सेंटर के खिलाफ की गई शिकायत में यह कार्रवाई की गई है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से छह जन्म प्रमाण पत्रों से संबंधित सबूत भी पुलिस को सौंपे गये है।

बता दें कि इन दिनों सरगुजा में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने के मामले का खुलासा हुआ है। च्वाइस सेंटरों द्वारा भोले भाले ग्रामीणों को अपने जाल में फंसाकर उनके जन्म प्रमाण फर्जी तरीके से बनाए जा रहे है। शातिर अपराधियों द्वारा इतनी सफाई से काम किया जा रहा है कि असली और नकली प्रमाण पत्र में फर्क करना आसान नहीं है। बाकायदा जन्म प्रमाण पत्र में बारकोड तक दिया जा रहा है और पिछले दिनों ऐसे ही एक फर्जी प्रमाण पत्र के बार कोड की से मामले का खुलासा उस वक्त हुआ जब व्यक्ति अपने बेटे के जन्म प्रमाण पत्र में जन्म तिथि सुधरवाने के लिए पहुंचा था। क्यूआर कोड स्कैन करने पर पता चला की जन्म प्रमाण पत्र फर्जी है। अब तक गिरोह के द्वारा जिले में बनाए गए दस फर्जी जन्म प्रमाण पत्र सामने आए है जबकि हजारों लोगों को यह पता ही नहीं होगा की उनके जन्म प्रमाण फर्जी है। जन्म प्रमाण पत्र में रजिस्ट्रार के फर्जी हस्ताक्षर और सील मोहर का उपयोग किया जा रहा है। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि दस में से 6 जन्म प्रमाण पत्र मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बनाए गये और इसमें रजिस्ट्रार डॉ. जेके रेलवानी का फर्जी हस्ताक्षर किया गया। मेडिकल कॉलेज सम्बद्ध जिला अस्पताल में जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने की शुरुआत हीं 2013 में की गई थी जबकि इसके पहले नगर निगम में जन्म प्रमाण पत्र बनाया जाता था। इसके साथ ही ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया 2021 में शुरू हुई लेकिन जो फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बरामद किए गए है उनमें सभी का जन्म स्थल जिला अस्पताल है और तिथि 2013 के पहले की है। जबकि एक प्रमाण पत्र तो ऑनलाइन 1965 में जारी किया गया है। जांच में पता चला था कि पैसे लेकर एक दिन में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए गये है। वहीं नगर निगम के भी फर्जी सील साइन का उपयोग कर जन्म प्रमाण पत्र बनाए गए है। इस मामले में जांच के बाद राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के सहायक अस्पताल अधीक्षक डॉ. हनुमंत बाघ द्वारा कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराई गई जिसके बाद पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।



सरगुजा में काम कर रहा फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का गिरोह

## सरगुजा में बाल कृष्ण और बलरामपुर में कृष्ण प्रताप को कांग्रेस की कमान

**अंबिकापुर।** शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेशभर में बड़े पैमाने पर सर्जरी की है। कांग्रेस पार्टी द्वारा जिला अध्यक्षों को बदला गया है। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी द्वारा सम्भाग में सरगुजा और बलरामपुर जिले में भी जिलाध्यक्ष बदले गए है। सरगुजा जिले में कांग्रेस पार्टी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाल कृष्ण पाठक को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके पूर्व राकेश गुप्ता जिले की कमान संभाल रहे थे। बता दें कि बालकृष्ण पाठक पूर्व में वर्ष 2016 से 2019 तक सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके कार्यकाल में वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सरगुजा की तीनों विधानसभा क्षेत्र में भारी बहुमत से जीत हासिल किया था। कांग्रेस की सरकार में वे औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष पद पर मनोनीत हुए थे, जो कैबिनेट मंत्री के स्तर का पद है। उनकी नियुक्ति का पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। इसके साथ ही बलरामपुर जिले में कांग्रेस ने कृष्ण प्रताप सिंह (नान बाबा) को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। कृष्ण प्रताप सिंह भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता है और वर्षों से पार्टी से जुड़कर कार्य कर रहे है। इससे पहले वे बीडीसी के पद पर चुनाव जीत चुके है। जबकि इसके पूर्व बलरामपुर जिले की कमान राजेन्द्र तिवारी के पास थी। उन्होंने वर्ष 2020 से 2025 तक कांग्रेस को संभाल कर रखा। कृष्ण प्रताप सिंह (नान बाबा) और बाल कृष्ण पाठक पैलेस खेमे से पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के करीबी माने जाते है।





## खबर संक्षेप



### कार्यशाला में दिया गया सापों को रेस्क्यू करने का प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** शुक्रवार को वनश्री सभाकक्ष में विश्व वानिकी दिवस पर वनमंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पर्यावरण प्रेमी सौमीत चटर्जी ने वन एवं भोजन विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मानव जीवन का वन एवं वन उत्पादों पर निर्भरता, वन उत्पादों से आय के साधन, वनों का अग्नि से बचाव एवं वन संरक्षण विषय पर विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला में नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एम सूरज ने छत्तीसगढ़ में पाए जाने वाले सांपों की विभिन्न प्रजातियों, उनकी सुरक्षा, संरक्षण एवं सांपों का रेस्क्यू करने का प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में सरगुजा वन मंडल के सभी उपवन मंडलाधिकारी, वन परिक्षेत्र अधिकारी, मैदानी कर्मचारी, वन प्रबंधन समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### अदाणी फाउंडेशन के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 लोगों की जांच



**अम्बिकापुर।** अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्राम साल्ही में अदाणी फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में परसा ईस्ट कांता बासन खदान और परसा खदान के आसपास के 14 गांवों के 150 से अधिक ग्रामीण शामिल हुए। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक संचालित किया गया। शिविर में रायपुर के बाल रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक तथा जनरल मेडिसिन से जुड़ी बीमारियों, बार-बार बुखार आना, अकारण वजन घटना-बढ़ना, शरीर में लगातार दर्द रहना, क्रोनिक थकान, सांस लेने में कठिनाई, पाचन संबंधी समस्याएं, गंभीर सिरदर्द जैसी बीमारियों की जांच कर उचित परामर्श दिया। इस अवसर पर ग्राम तारा की सरपंच श्रीमती सम्पतिया देवी और आरआरवीयूएनएल के कार्यपालक अभियंता प्रकाश कुमार ओझा उपस्थित थे।

### वानिकी दिवस पर विद्यार्थियों ने ली वनों के संरक्षण की शपथ



**वाड्रफनगर।** शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय वानिकी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सुधीर कुमार सिंह ने कहा वन हमारे जीवन का आधार है। वे हमें शुद्ध वायु, जल संरक्षण, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण प्रदान करते हैं। वनों की रक्षा करना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में वन संरक्षण और सतत विकास विषय पर विशेषज्ञों और छात्रों के बीच संवाद हुआ। छात्रों ने वन संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संतुलन विषय पर अपनी रचनात्मकता प्रस्तुत की। उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों ने वनों के संरक्षण की शपथ ली। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में 50 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में रजनीकांत साहू, जगदीश कुमार खुसरो, अशोक कुमार एक्का, बेनी प्रसाद डेहरिया, शिवम पटेल, सुश्री रेणुका दीवान, आकाश तिवारी, डॉ.सुनील राम, डॉ.अनुराधा गुप्ता, सेमंत मिश्रा, कमलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य शिविर में 48 लोगों की हुई जांच

**अम्बिकापुर।** विवि इंजीनियरिंग कॉलेज के बालक छात्रावास में गुरूवार को चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य की टीम ने 48 छात्रों, फैकल्टी सदस्यों व कर्मचारियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य अमले ने उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक जानकारी दी। शिविर में प्राचार्य डॉ.आर खरे ने कहा कि स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति के लिए कीमती है। हॉस्टल वार्डन इंचार्ज, मनोज कुमार देवांगन ने आभार व्यक्त किया।

### सिन्दूर नदी किनारे होती है छठ पूजा

# शराब पीकर बोतल और कांच के टुकड़े फेंक रहे नदी किनारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिला मुख्यालय में स्थित सिन्दूर नदी इन दिनों शराबियों के कारण प्रदूषित होती जा रही है। इसके साथ ही सिन्दूर नदी स्थित नगर के एक मात्र छठ घाट पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। शराबियों द्वारा शराब पीने के बाद बोतलों को नदी समेत आस पास के क्षेत्र में फेंका जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि इसपर लगाम लगाने के बजाय नगर पालिका द्वारा खुद ही श्रमिकों के माध्यम से शराब की बोतलों को एकत्रित कर नदी में फेंका जा रहा है। इस लापरवाही से नगर वासियों में रोष का माहौल है।

**खास बात**

- प्रतिदिन लोग आते है नहाने के लिए

बता दें कि नगर के गौरव कहे जाने वाले सिन्दूर नदी से महज 10 कदम की दूरी पर शासकीय शराब दुकान संचालित है। इस शराब दुकान से लोग शराब खरीदते है और पुल पार करने के बाद कुछ ही दूरी पर स्थित जंगल में जाकर शराब पीते है और बोतलों को फेंक देते है। इसके साथ ही लोगों द्वारा नदी किनारे भी बैठकर शराब पीया जाता है। ऐसे में शराब की बोतलें और टूटे हुए कांच के टुकड़े बहकर नदी में आते है और प्रतिदिन नदी में नहाने के लिए आने वाले लोग कांच के टुकड़े से घायल हो रहे है। वहीं सिन्दूर नदी में ही छठ घाट भी मौजूद है जहां वार्तियों द्वारा शारदीय और चैत्र छठ किया जाता है। शराब की बोतलें फेंके जाने से ना सिर्फ नदी प्रदूषित हो रही है बल्कि लोगों की आस्था पर भी इसका असर पड़ रहा है और यही वजह है कि लोगों में आक्रोश का माहौल है। लोगों द्वारा लगातार शराब दुकान को नदी से दूर स्थापित किए जाने की मांग की जा रही है लेकिन इस पर अब तक जिला प्रशासन द्वारा कोई पहल नहीं की गई है।



सिन्दूर नदी।



नदी किनारे फेंक रहे बोतल।

#### नपा ही फेंक रहा कचरा

वर्तमान में नगर पंचायत द्वारा भी शराब की बोतलों और कचरे को नदी किनारे ही जंगल में फेंका जा रहा है। बताया जा रहा है कि नगर में जल्द ही स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम आने वाली है और टीम के आने से पहले नगर पालिका द्वारा शहर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है और इस अभियान के तहत शराब दुकान के आस पास भी सफाई कराई जा रही है लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि एकत्रित की गई शराब की बोतलों को नगर पालिका द्वारा खुद ही श्रमिक लगाकर नदी किनारे जंगल में फेंकवाया जा रहा है। बारिश के समय में फेंके गए बोतल और कांच के टुकड़े बहकर वापिस नदी में आएंगे जिससे लोगों में रोष है। नगर को साफ दिखाने के चक्कर में अधिकारियों द्वारा कचरे को नदी किनारे फेंका जा रहा है जिससे अधिकारियों की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में आ गई है।

#### नदी में डिस्पोज करना गलत

अपशिष्ट पदार्थों को नदी में डिस्पोज करना गलत बात है। उसे सही जगह डिस्पोज करना चाहिए। मैं तत्काल नगरपालिका प्रशासन को शराब दुकान से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों को सजही जगह डिस्पोज करने के लिए निर्देशित करता हूँ। हमारे द्वारा लोगों के आस्था का पूरा ख्याल रखा जाएगा।
अमित श्रीवास्तव, एसडीएमज

#### शराब दुकान हटाने पर हो रही चर्चा

शराब दुकान को वहां से स्थानांतरित करने के लिए कलेक्टर से आवेदन के माध्यम से बात हुई थी। उनके निर्देशन पर शराब दुकान वहां से स्थानांतरित कर वार्ड नंबर 12 में जाने वाला है। लोगों की आस्था के प्रतीक सिंदूर नदी में प्रदूषण न हो इसके लिए नगरपालिका पूरा ख्याल रख रहा है। यहां वहां एवं नदियों में पड़े अपशिष्ट पदार्थों को स्वच्छता दीदी के माध्यम से एसएलआर सेंटर में जमा किया जाएगा और उन्हें सही जगह डिस्पोज किया जाएगा।
-लोधिराम एक्का, नगर पालिका अध्यक्ष



## संचित संघ की मांग-मोदी की गारंटी के तहत पूरा करें वादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के तहत शासकीयकरण करने का वादा पूरा नही होने पर सचिव संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है। सचिव संघ का कहना है हम हर सरकार में ठगे जाते है, चुनाव से पहले हमसे शासकीयकरण का वादा सभी करते है।

सरकार बनते ही अपने किए वादे से मुकरने लगते है लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। जब तक हमारी मांग पूरी नही होती ये आंदोलन जारी रहेगा। इस संबंध में सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुरजन राम ने बताया कि सन 1995 से कार्यरत सचिवों को मोदी की गारंटी के तहत शासकीयकरण करने का वादा किया गया है। शासकीयकरण कि अभाव में हम सारे सचिव अन्य शासकीय कर्मचारियों की तरह शासन के लाभ से वंचित हो जाते है। जिसकी वजह से सचिवों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस बार सचिव संघ की लड़ाई आर पार की है। जब तक हमारी मांग पूरी नही हम आंदोलन जारी रखेंगे। इस अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान संजय यादव, युवराज गुप्ता, श्यामाचरण केहरी, बसंत दास, विश्वनाथ राम, केश्वर राम, सतीश सोनी, त्रिलोचन राम, लोभन एक्का, शक्ति सिंह, कुंती तिग्गा, पुपेन टोप्पो, तुला पैंकरा, मनबोध यादव, त्रिलोचन यादव, लक्ष्मण राम समेत काफी संख्या में सचिव उपस्थित थे।

### सचिव संघ ने आदेश की प्रतियां जलाकर जताया विरोध

**डांडगांव।** मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को पूर्ण करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हडताल पर बैठे सचिव संघ को हडताल समाप्त करने का अल्टीमेटम दिया गया है। इस चेतावनी के बाद सचिव संघ में आक्रोश और भी बढ़ गया है और उन्होंने सरकार के आदेश की प्रतियों को जलाकर अपना विरोध जताया है। बता दें कि सरकार द्वारा आदेश पारित कर सचिवो के हड़ताल से 24 घंटे के भीतर वापस आने की व हड़ताल को ख़त्म करने का अल्टीमेट दिया है। इधर सचिवों ने उक्त आदेश को दमनात्मक बताते हुए आज 22 मार्च को जनपद पंचायत उदयपुर सचिव संघ द्वारा धरना प्रदर्शन स्थल में आदेश की कॉपी को जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। सचिव संघ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि ऐसे दमनात्मक आदेश से सचिव संघ डरने वाले नहीं है, जब तक मांगे पूरी नही हो जाती तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिव को शासकीयकरण करने का वादा किया गया लेकिन सरकार इस मामले में सिर्फ झूठा आश्वासन दे रही है और अब बजट सत्र में भी इसपर कोई जिक्र नहीं हुआ जिससे सचिव संघ में आक्रोश है। इस अवसर पर अध्यक्ष बाबूलाल दास एवं संरक्षक रामबिलास यादव, नोहर साय, नसीमुद्दीन खान, उपाध्यक्ष खेलो सिंह, सचिव राजेश पैकरा, सह सचिव रूपन सिंह, शिवकुमार यादव, शिवदत्त तिवारी, रामविलास यादव, गोपाल राम, शिव भजन सिंह, छत्रपाल राम, तेज कुमार एकका, श्रीमती शेष कुमारी, रमेश कुमार पांडे, राजकुमार सिंह सहित सभी 59 पंचायत सचिव उदयपुर उपस्थित रहे।



### सचिव संघ की हड़ताल से पंचायतों में काम ठप

**मानीचौक।** पंचायत सचिवों का अनिश्चितकालीन हड़ताल एक सप्ताह से अनवरत जारी है। इस हड़ताल से पंचायत से जुड़ी सभी कार्य प्रभावित हो गए है। सचिव संघ के जिला सचिव वीरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि मोदी सरकार ने पंचायत सचिवों को शासकीय करण करने का वादा किया था जो आज तक पूरा नहीं हुआ। प्रदेश के सचिव मजबूरन आन्दोलन के लिए बाध्य है और एक साथ काम बंद कर अपनी मांगों को लेकर पिछले छः दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे है। सरकार जब तक मांगों पर उचित विचार नहीं करेगी तब तक सचिव अपने कार्य पर वापस नहीं आयेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के कारण पंचायत का कार्य पिछले दो महीनों से प्रभावित था और अब पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाने से ग्रामीणों की तकलीफ और बढ़ा दी है जिसे कई प्रकार का कार्य प्रभावित हो गई है ।

## पुलिस संयुक्त बल ने की कॉम्बिंग गश्त, चौक-चौराहों की हुई जांच

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात को ज्वाईंट पुलिस टीम द्वारा काम्बिंग गश्त किया गया। गश्त के दौरान जहां निगरानी और गुंडे बदमाशों के घर दस्तक दी गई, वहीं चौक चौराहों पर चेकिंग की गई।

गौरतलब है कि सुरजपुर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने अपराधों की रोकथाम, रात्रि गश्त को मजबूत करने, निगरानी व गुण्डा बदमाशों सहित संदिग्धों की चेकिंग और वारंटों की तामीली के लिए पुलिस लाईन, थाना-चौकी के पुलिस अधिकारी व जवानों को बिश्रामपुर थाना क्षेत्र में कांबिंग गश्त करने के निर्देश दिए हैं। बिश्रामपुर थाना प्रभारी अलरिक लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस के अधिकारी व जवान क्षेत्र के कुम्दा बस्ती, शिवनंदनपुर, सतपता, एसईसीएल आरटीआई, माईनस, चोपड़ा कालोनी सहित सभी वार्ड में कांबिंग गश्त की गई। इस दौरान निगरानी गुण्डे बदमाश, सूचीबद्ध गुंडे, पूर्व सजायाब व्यक्तियों को चेक किया गया, जो कि अधिकतर घरों में मौजूद मिले। जिन्हें अपराध न करने सहित संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त न रहने की हिदायत दी गई। शहर के चौक-चौराहों पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चेकिंग की गई। कानून व्यवस्था को और भी प्रभावी बनाने के उद्देश्य से रात में कॉम्बिंग गश्त में 100 से अधिक संख्या में पुलिसबल शामिल हुए। एसएसपी ने थाना स्तर पर नाइट कॉम्बिंग गश्त में पुलिस को कानूनी प्रक्रिया का पूर्ण रूप से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया था। इस बात का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया था कि चेकिंग के दौरान किसी के साथ अभद्रता न हो, व्यवहार में पूरी शालीनता रखने हेतु भी निर्देशित किया था। आमजनों की सुरक्षा, जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था की सुदृढ़ता बरकरार रखने और अपराधियों में भय उत्पन्न करने के उद्देश्य से यह कॉम्बिंग गश्त की गई।



## चीफ जस्टिस ने किया अभिलेखागार एवं पीड़ित विश्राम कक्ष का उद्घाटन

**सूरजपुर।** चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने सूरजपुर के अभिलेखागार एवं पीड़ित विश्राम कक्ष का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं पोर्टफोलियों न्यायाधीश सूरजपुर न्यायमूर्ति अमितेन्द किशोर प्रसाद की भी वर्चुअल रूप में उपस्थिति रही। चीफ जस्टिस ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए सूरजपुर के अभिलेखागार में समस्त अभिलेखों को सुव्यस्थित रूप से रखे जाने एवं वर्ष 1949 के अभिलेख को सुरक्षित रखे जाने की प्रसंशा की एवं पीड़ित विश्राम कक्ष की प्रसंशा करते हुए कहा कि पॉक्सो पीड़ितों के बालकोमल मन एवं उनके साथ हुए घटना की मनोदशा को ध्यान में रखते हुए पीड़ित विश्राग कक्ष हर जिले में होना चाहिए जिससे वे न्यायालय में अपने साथ हुए घटना को बिना किसी डर, दबाव एवं झिझक के सुरक्षित होकर न्यायाधीश के समक्ष अपना बयान अच्छे महौल में दर्ज करा सके। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायाधीश, जिला के सभी वरिष्ठ न्यायाधीश एवं मजिस्ट्रेट, जिला न्यायाधीश, पुलिस अधीक्षक, अधिवक्ता, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, न्यायालय के कर्मचारी एवं पीएलव्ही व्यक्तिगत रूप से जिला न्यायालय सूरजपुर में उपस्थित रहे।


TOP IN SURGUJA

श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ.कमल नारायण गुप्ता
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata)
Chest Physician
GOLD MEDALIST
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
अपने फेफड़ों की जांच कराएं और आज ही अपने डॉक्टर की सलाह लें!
समस्त श्वास संबंधित रोगों का निदान जैसे -
जटिल अस्थमा (दमा)
टी.बी./क्षय रोग / MDR-TB
गले व छाती में कफ संबंधित समस्या
बैठे- बैठे चलने पर सांस फूलना
छाती में भारीपन और सांस फूलना
छाती में पानी भर जाना, हवा लीक होना
छाती में गठान, फेफड़ों के कैंसर की समस्या
खांसी, जुकाम एवं एलर्जी
बच्चों में आने वाली बार-बार खांसी
खांसी में खून आना

ऊँ जय माँ कंकाली ऊँ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
चुनाव में विजय श्री हेतु संपर्क करें
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर
समयनुसार मिलें
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600 आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 बसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
नोट स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. साहू MD, DM (Nephrology)
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ. भाविक शाह डीएनबी (मेडिसीन) डीएबी (गैस्ट्रो) एम.आर.सी.पी., एस.सी.ई. (गैस्ट्र)
रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिक एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज प्रसाद MS, MCH (Neurosurgery)
श्वास, छाती, एलर्जी एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ... डॉ. रोशन वर्मा MD (T.B. & Respiratory Diseaseas)
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1.5 Tesla MRI
All Diagnostic Facilites
23 मार्च 2025
प्रत्येक माह के चौथे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध


## सरगुजा मार्केट


लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ्रिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 मार्च 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

रायपुर के प्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ आपके शहर अंबिकापुर में
डॉ. विकास गोयल
MD Med, DM Haematology
हिमेटोलॉजी एंड ब्लड कैंसर क्लीनिक
खून की कमी, सफेद कोशिकाओं और प्लेटलेट्स की कमी
सिकल सेल एनीमिया, थैलीसीमिया, आदि विकार
सभी प्रकार के रक्त कैंसर (ल्यूकीमिया, लिम्फोमा, मायलोमा)
बगल, जांघों में अथवा गर्दन में गांठ
पेट में तिल्ली, लीवर में सूजन
एवं संबंधित अन्य रोग
दिनांक 23 मार्च 2025 दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. शैल वर्मा
(एमबीबीएस, एमडी) मनोरोग विशेषज्ञ
दिनांक : 26 मार्च 2025
दिन - बुधवार
स्थान
वेलनेस होम फिजियोथेरेपी कायरोप्रैक्टिक ऑस्टियोपैथी क्लिलिक होटल खाना खजाना के सामने महामाया रोड अम्बिकापुर
कुंज बिहारी लाल एंड ब्रदर्स मेडिकल स्टोर
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
महामाया चौक, अम्बिकापुर, मो. 8966944740, 8889058145

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
शनिवार, 22 मार्च 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
• सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
• पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
• झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
• Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
• जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
• लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
• Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

Wellness Home
AN ADVANCE PHYSIOTHERAPY CHIROPRACTIC OSTEOPATHY CLINIC
डॉ. श्रेया गुप्ता
BPT, FOMT (Australia), FNMT Certified Pilates, Cupping and Hijama Therapist
Certified Accupanturist and Dry Needling Therapist
Certified FDM Practitioner (1st in Ambikapur)
मैनूवल थेरेपी
न्यूरी थेरेपी एवं लकवा (चेहरा/शरीर), हड्डी एवं जोड़ों में दर्द (स्लीप डीस्क, फ्रोजन सोल्डर), गर्भावस्था में थेरेपी, ओल्ड ऐज संबंधित थेरेपी, बच्चों की थेरेपी (CP, एड़ी उठाकर चलना), आर्थराइटिस, माँसपेशियों का दर्द (साइटिका, कमर दर्द), सरवाईकल का दर्द
समय
सुबह 10 से 1 बजे तक
शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक
श्रेया डिपार्टमेंट स्टोर के पीछे महामाया रोड, अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
20 मार्च 2025 दिन गुरूवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना।
• पेशाब में जलन।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना ।
• पेशाब बार-बार होना।
• किडनी, पेशाब थैली।
• पेशाब बूंद- बूंद पर होना।
• गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• पेशाब की धार न बनना, इत्यादि।
• अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

डॉ.रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दमा, टीवी, छाती एवं एलर्जी
किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ.आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
दिनांक 23 मार्च 2025, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एकत्रीकरण आज

**मनेन्द्रगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह नीरज अग्रवाल (नीटू) द्वारा जारी बताया गया कि 23 मार्च रविवार को प्रातः 6:30 से 8:30 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर मैदान मनेन्द्रगढ़ में एक बृहद एकत्रीकरण आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मनेन्द्रगढ़ नगर के सभी स्वयंसेवक, दायित्वधारी कार्यकर्ता और विभिन्न संगठनों के प्रमुख बंधु उपस्थित रहेंगे। संघ विस्तार के कार्य को गति प्रदान करने और संघ की गतिविधियों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। श्री अग्रवाल ने सभी संबंधित बंधुओं से अपील किया है कि वे समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### ई-ऑफिस प्रणाली के लिए अफसरों को प्रशिक्षण

**अनूपपुर।** शासकीय कार्यालयों में 31 मार्च से ई-ऑफिस प्रणाली लागू किया जाना है। जिले में ई ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिला स्तर पर स्थित कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 5 मार्च से प्रारंभ है, जो 28 अप्रैल तक विभागवार संचालित होगा। ई-गवर्नेंस के वरिष्ठ प्रशिक्षक आनंद मोहन मिश्रा एवं प्रशिक्षक नितिन कुमार तिवारी द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली के तहत विभिन्न प्लेटफार्म के विभिन्न कार्यों तथा उनके उपयोग के बारे में बताया गया।

### प्रस्तावित फ्लाईओवर के लिए बैठक 24 को

**अनूपपुर।** एसईसीएल रेलवे में प्रस्तावित फ्लाईओवर अनूपपुर लाइन के लिए परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। इसमें भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण मंजूरी और अन्य स्थानीय मुद्दे आदि शामिल हैं। कलेक्टर हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में 24 मार्च को शाम 5 बजे से बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर ने अधिकारियों को बैठक में आवश्यक जानकारियों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर आयोजन

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को विश्व उपभोक्ता दिवस कार्यक्रम का आयोजन जिले के विकासखंड अनूपपुर के ग्राम पंचायत बम्हनी में किया गया। इसमें जिला उपभोक्ता फोरम अनूपपुर के सदस्य राजेन्द्र द्विवेदी, जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अनीता सोरते, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्रीमती सीमा सिन्हा, अभिषेक उपाध्याय, श्रीमती अलका पटेल व सुश्री प्रियंका सोनी, पीओएस इंजीनियर अनिरूद्ध केवट, नापतौल विभाग, गैस एजेंसी संचालक एवं उपभोक्ता उपस्थित रहे।

### पूर्वांचल सेवा समिति का होली मिलन समारोह आज

**मनेन्द्रगढ़।** पूर्वांचल सेवा समिति द्वारा आयोजित होली मिलन एवं सम्मान समारोह 23 मार्च रविवार को सायं 6 बजे मनेन्द्रगढ़ के गुजराती भवन नदी पार (सुरभि पार्क के पास) आयोजित किया जाएगा। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान वितरण और होली मिलन के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समिति ने सभी नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर सफल बनाने की अपील की है। पिछले कुछ दिनों में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किए गए हैं। इसी कड़ी में पूर्वांचल सेवा समिति का यह आयोजन मनेन्द्रगढ़ में होली के उल्लास को और भी बढ़ाएगा।

### चोरी का कोयला परिवहन करते तीन गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए है जिसके बाद से ही लगातार पुलिस कड़ी कार्रवाई में लगी हुई है।

# 138 कन्याओं का सामूहिक विवाह, स्वास्थ्य मंत्री ने नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद



सामूहिक विवाह में उपस्थित स्वास्थ्य मंत्री व अन्य।



परिणय सूत्र में बंधे जोड़े।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत चिरमिरी क्षेत्र के गोदरीपारा स्थित लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में 138 बेटियों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महापौर रामनरेश राय, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती और जिला महिला बाल विकास अधिकारी शुभम बंसल उपस्थित रहे। वहीं हजारों नागरिक इस ऐतिहासिक समारोह के साक्षी बने। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह आयोजन से गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। महापौर रामनरेश राय ने भी नवदंपतियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल विवाह तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और भाईचारे को मजबूत करने का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को नई उम्मीदों और खुशियां देने का यह प्रयास सराहनीय है। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समाजसेवी संगठनों और प्रशासन के सहयोग से यह सामूहिक विवाह का आयोजन ऐतिहासिक बना।

# कोल इंडिया चेयरमैन ने किया चिरमिरी ओपन कास्ट माइंस का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल



निरीक्षण करते चेयरमैन।

कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने शनिवार को एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र का दौरा किया। अपने एक दिवसीय निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिरमिरी कॉलरी की खुली खदानों का जायजा लिया और वहां जारी खनन गतिविधियों की समीक्षा की।

इस मौके पर उनके साथ डायरेक्टर (तकनीकी) फ्रैंकलिन जयकुमार, तकनीकी सचिव मनीष श्रीवास्तव और एसईसीएल के योजना एवं परियोजना महाप्रबंधक उपस्थित रहे। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोयला उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि के मद्देनजर कोल इंडिया चेयरमैन विभिन्न खदान क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। फायर माइंस ओपन कास्ट, चिरमिरी में कोयला उत्पादन और प्रेषण में पिछले पांच वर्षों की तुलना में सर्वाधिक उत्पादन दर्ज किया गया है, इसके साथ ही बीते वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने पर चेयरमैन ने परियोजना के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी। महाप्रबंधक नवनीत श्रीवास्तव ने चेयरमैन को विपरीत परिस्थितियों में फायर माइंस से कोयला उत्पादन और अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। वहीं उप क्षेत्र प्रबंधक मनीष कुमार सिंह ने कोयला उत्पादन में आने वाली चुनौतियों को उनके समक्ष रखा।

### बेहतर सुरक्षा और उत्पादन वृद्धि पर जोर

चेयरमैन पीएम प्रसाद ने कर्मचारियों के कठिन परिश्रम की सराहना करते हुए उनके सफल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बेहतर सुरक्षा उपायों को अपनाते हुए उत्पादन में निरंतर वृद्धि की जानी चाहिए, ताकि खनन क्षेत्र में स्थिरता और विकास बना रहे। इस दौरान एसईसीएल प्रबंधन और खदान कर्मचारियों ने चेयरमैन के सुझावों को सराहते हुए आगे और बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया।

# सिटी कोतवाली का बच्चों ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

यूनिवर्सल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के नन्हें-मुन्ने छात्र-छात्राओं को विद्यालय के शिक्षकों द्वारा थाना कोतवाली मनेन्द्रगढ़ का भ्रमण कराया गया।

भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी ने बच्चों को कानून से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी और उन्हें कानून की प्रक्रिया के बारे में समझाया। बच्चों को यह जानकारी दी गई कि कैसे कानून उनके जीवन को सुरक्षित रखने और समाज में सही तरीके से कार्य करने में मदद करता है। विद्यालय के प्राचार्य राज कुमार पांडेय ने कहा कि बच्चों को कानून से संबंधित जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे भविष्य में अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझकर समाज में एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व के विकास में सहायक होते हैं। भ्रमण में विद्यालय के शिक्षक निर्मल दोहरे एवं आर.गोस्वामी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। दोनों शिक्षकों ने बच्चों को कानून और उसके महत्व के बारे में समझाने में मदद की और उन्हें उत्साहित किया। बच्चों ने भ्रमण का पूरा लाभ उठाया और थाना क्षेत्र की कार्यप्रणाली को समझा। कार्यक्रम ने बच्चों में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया और उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी का अहसास कराया।



भ्रमण करते बच्चे।

# कानून व्यवस्था को लेकर जिला स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक लेते कलेक्टर डी. राहुल वेंकट।

एमसीबी जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में और पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह की उपस्थिति में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

बैठक में आगामी ईद-उल-फितर और चैत्र नवरात्र के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई और सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए। पुलिस अधीक्षक ने जिले में बाहरी घुसपैठियों की पहचान और फर्जी सिम कार्डों की ट्रैकिंग को लेकर विशेष अभियान चलाने की जानकारी दी। घर-घर सर्वे कर बाहरी व्यक्तियों की पहचान, उनका आधार और मोबाइल नंबर सत्यापित करने के निर्देश दिए गए। अपराधियों की मोबाइल ट्रैकिंग और कॉल रिकॉर्ड की निगरानी कर कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने जिले में अवैध अतिक्रमण को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी में अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई होगी और शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर वहां पौधरोपण किया जाएगा। शहर के बीच एनएच पर खड़े ट्रकों और अन्य वाहनों को हटाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यातायात बाधित न हो। साथ ही, पार्किंग व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रशासन विशेष अभियान चलाएगा।

चेंबर पदाधिकारियों के साथ बैठक कर फल-सब्जी, मटन और मछली बाजारों के लिए उचित स्थान निर्धारित किए जाएंगे। शहर में अवैध रूप से लगाए गए ठेलों को हटाने के लिए कड़े निर्देश दिए गए हैं, खासकर स्कूलों और शासकीय कार्यालयों के आसपास के क्षेत्र में सख्ती बरती जाएगी। यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो संबंधित दुकानदारों पर एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी दी गई है। चिरमिरी बस स्टैंड, बाजार और नगर निगम कार्यालय के आसपास अवैध कब्जों को हटाने के आदेश दिए गए हैं, जिसके लिए पहले स्थानीय लोगों से चर्चा कर उचित समाधान निकाला जाएगा। इस बैठक के जरिए जिला प्रशासन ने साफ कर दिया है कि कानून व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा। अवैध गतिविधियों, अतिक्रमण और बाहरी घुसपैठियों पर सख्ती बरती जाएगी। आने वाले दिनों में इन सभी निर्देशों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा, ताकि मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में शांति और सुचारु प्रशासन व्यवस्था बनी रहे।



# फिल्टर प्लांट की सफाई पानी सप्लाई रही बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए शहरवासियों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जल प्रदाय विभाग ने शनिवार सुबह से फिल्टर प्लांट की सफाई का कार्य प्रारंभ किया है।

नपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव व जल प्रदाय विभाग प्रभारी दयाशंकर यादव ने जल प्रदाय गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां फैली गंदगी को देखते हुए तत्काल सफाई के निर्देश दिए। सुबह पानी सप्लाई के बाद फिल्टर प्लांट को बंद कर सफाई कार्य शुरू किया गया। इस कारण शाम की जलापूर्ति बाधित रही। नागरिकों को कम से कम असुविधा हो, इसके लिए काफी संख्या में श्रमिक और कर्मचारियों को लगाया गया है। निरीक्षण के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष सरजू यादव, पार्षद जमील शाह, लोक निर्माण विभाग प्रभारी सुनैना विश्वकर्मा, पूर्व पार्षद गोविंद जायसवाल, पीआईसी सदस्य सपन महतो, स्वच्छता प्रभारी ओमप्रकाश जायसवाल, इंजीनियर पवन साहू, भाजपा कार्यकर्ता विनीत जायसवाल मौजूद रहे।

### बैठक को लेकर सोशल मीडिया में भ्रामक जानकारी:नविता

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर की सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई थी। बैठक में विपक्ष ने हंगामा करते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया। वहीं दूसरे दिन शनिवार को नपाध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे ने विज्ञप्ति जारी कर उक्त खबर को झूठी एवं मनगढंत बताया। जारी विज्ञप्ति में नपाध्यक्ष श्रीमती शिवहरे ने उल्लेख किया कि सोशल मीडिया के माध्यम से यह संज्ञान में आया कि 21 मार्च को संपन्न हुई परिषद की बठक में नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य पार्षदों के द्वारा बैठक का विरोध किया गया एवं नारेबाजी की गई। नपाध्यक्ष ने विज्ञप्ति में उल्लेख किया कि उक्त खबर पूर्णतः भ्रामक व आधारहीन है। परिषद की बैठक सदभावित ढंग से पूर्ण हुई तथा प्रस्तुत प्रस्तावों के अतिरिक्त कई प्रस्ताव अध्यक्ष की अनुशंसा से पारित किया गया। बैठक में उपस्थित पार्षदों द्वारा अपने वार्डों में कई तत्कालिक एवं लंबित कार्यो की भी जानकारी दी और उनके निराकरण पर भी चर्चा की गई। नपाध्यक्ष ने विज्ञप्ति में बताया कि कई ऐसे वार्ड पार्षदों का वक्तव्य समाचार में उल्ललेखित है कि बैठक में उपस्थित ही नहीं थी जो स्वतः ही समाचार की विश्वसनीयता प्रदर्शित करती है।

# बेमौसम बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

चढ़ते पारे के बीच कोरिया जिले में शुक्रवार को मौसम का मिजाज बदला रहा। इस दिन दोपहर में जिले के कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी के साथ जमकर बारिश हुई और कुछ जगहों पर हल्की बारिश से मौसम खुशनुमा रहा, लेकिन शुक्रवार एवं शनिवार की दरमियानी रात्रि में बादलों की तेज गर्जना के साथ झमाझम बारिश कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में हुई।

इस दौरान बारिश के साथ ओले भी गिरे। अचानक बदले मौसम के कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे खींच गई। वर्तमान में रबी की प्रमुख फसलों में गेहूं चना पकने की तैयारी में है, कहीं पर गेहूं पक कर कटाई के लिए तैयार है, ऐसे समय में बे मौसम बारिश एवं ओले गिरने से रबी की फसलों को नुकसान पहुंचने की संभावना को लेकर जिले के किसान चिंतीत है। विदित हो कि बीते शुक्रवार को सुबह करीब पौने



आठ बजे जिला मुख्यालय के निकट ग्राम खरवत सहित आस-पास के कई क्षेत्रों में अचानक बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए कई लोग छॉव का सहारा लिए और सड़कों पर आवाजाही कुछ देर के लिए थम गई थी। वहीं बैकुंठपुर शहर में भी सुबह के समय बारिश हुई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कोरिया जिले के अलावा एमसीबी जिले में बारिश हुई। उल्लेखनीय है कि सिस्टम के प्रभाव से बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण बादल भरा मौसम बुधवार की रात्रि से बनी थी, इसके कारण शुक्रवार को कोरिया-एमसीबी जिले में बारिश हुई।

### खिली धूप के बीच हुई बारिश

शनिवार को सुबह मौसम साफ रहा आसमान में बादलों का डेरा कम रहा ,लेकिन पूर्वान्ह से बादल छाने लगे और अपरान्ह के समय उमड़ते घूमड़ते बादलों के बीच सूर्य के दर्शन हुए, इसी दौरान करीब 4:30 बजे खिली धूप के बीच कुछ देर तक हल्की बारिश हुई। इस दौरान हल्के ओले भी गिरे। जानकारी के अनुसार इस दौरान जिले के कई क्षेत्रों में बौछारे पड़ी जो कुछ देर में रूक गई। बारिश पानी के कारण शनिवार को मौसम खुशनुमा रहा ,जिससे कि गर्मी से लोगों को राहत मिली थी।

### फसल सब्जियों को नुकसान

शुक्रवार एवं शनिवार को हुई बारिश के साथ ओले गिरने के कारण गेहूं, चना, सरसों के फसलों को नुकसान पहुंचने की संभावना है। उक्त फसल पकने की तैयारी में है ओर कुछ जगहों पर उक्त फसल पक गए है, जो आगामी कुछ दिनों में कटाई के लिए तैयार हो गए हैं।



## खबर संक्षेप

### इंजीनियरिंग कॉलेज के 19 छात्रों का गेट परीक्षा में चयन

**अम्बिकापुर।** विवि इंजीनियरिंग कॉलेज के 19 छात्रों का गेट परीक्षा में चयन हुआ है जिसमें ऋषिकेश यादव, राहुल केशरी, अमित कुमार साहू, निखिलेश्वर सिंह, शिवम सोनी, दीपक कुमार, विकास कुमार, अभिनव सिंह, कुमारी नेहा गुप्ता, आकाश सिंह, आकाश शर्मा, सुशांत कुमार स्वाइन, ओमप्रकाश साहू, हर्ष पटेल, उपलक्ष्य विश्वकर्मा, राकेश कुमार धीवर, प्रियांशु देवांगन और आर्यन राय शामिल हैं। प्राचार्य डा.खरे ने बताया कि जेट परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर होता है जिसमें परीक्षा के अंकों का उपयोग आईआईटी में प्रस्तावित स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश और शीर्ष कंपनियों में नौकरी के लिए है। प्रवेश लेने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिलता है।

### समृद्धि ने 7वीं में 97.66 प्रतिशत अंक हासिल कर मारी बाजी

**अम्बिकापुर।** कार्मेल स्कूल में कक्षा 7वीं में पढ़ने वाली छात्रा समृद्धि मिश्रा ने 97.66



प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी कक्षा में अव्वल स्थान बनाया है। शुरू से ही मेघावी रही समृद्धि मिश्रा ने अपनी सफलता का श्रेय पिता कमलेश मिश्रा माता इंदू मिश्रा व शिक्षकों को दिया है। अच्छे अंकों से परीक्षा में पास होने पर माता-पिता व परिजनों में हर्ष व्याप्त है।

### फर्जी प्रमाण पत्र मामले में ननि आयुक्त कराएं एफआईआर

**अम्बिकापुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पार्षद आलोक दुबे ने शहर के च्वाइस सेंटर संचालकों द्वारा ई सेवा के अधिकारियों से मिलकर



ऑनलाइन आइडी हासिल कर फर्जी जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड बनाने का रैकेट चलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से ऐसे च्वाइस सेंटर संचालकों को बेनकाब कर कड़ी कार्रवाई करने एवं ननि आयुक्त से मामले की एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। पार्षद श्री दुबे ने बताया कि च्वाइस सेंटर संचालक ऑनलाइन टेंपरिंग कर जिला चिकित्सालय एवं ननि का फर्जी डिजिटल सिग्नेचर इश्यू कर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड बना रहे हैं। जिला चिकित्सालय की जांच में 6 प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए है जिसकी एफआईआर मणिपुर थाने में दर्ज कराई गई है। वहीं उन्होंने ननि आयुक्त से 2 फर्जी प्रमाण पत्र ननि द्वारा जारी करने की शिकायत की थी जो जांच में फर्जी पाए गए हैं। उन्होंने मामले में ननि आयुक्त से एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

### अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की बैठक 28 को

**अम्बिकापुर।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की बैठक 28 मार्च को दोपहर 2 बजे से केशवपुर निवासी धीरेन्द्र कुशवाहा के निवास पर होगी। बैठक में कुशवाहा महासभा की कार्यकारिणी विस्तार एवं समाज के एकजुटता प चर्चा की जाएगी। प्रदेशाध्यक्ष जगन्नाथ कुशवाहा ने बताया कि बैठक में महासभा के सभी पदाधिकारी व सदस्य शामिल होंगे।

### घर के सामने खड़ी बाइक को अज्ञात चोरों ने किया पार

**बिश्रामपुर।** घर के सामने खड़ी किये दोस्त की बाइक को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। चोरी की घटना पर आज शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कंदरई बासेनपारा निवासी प्रार्थी फौजी अभिषेक कुमार पिता तेजराम इन दिनों छुट्टी पर अपने गृहग्राम आया हुआ है।फौजी युवक ने गुरुवार को अपनी बाइक खराब होने की वजह से गांव के ही बांसापारा निवासी मित्र बाल्मीकि पिता इंद्र कुमार की अपाचे मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीआर 7491 को लेकर किसी कार्य से बिश्रामपुर आया था। वापस लौटकर बाइक को वापस करने की बजाए रात होने से फौजी ने मित्र की बाइक को अपने घर के पास खड़ी कर दिया था। इसी दौरान अज्ञात चोरों द्वारा 20-21 मार्च की दरम्यानी रात में ही बाइक की चोरी कर ली है। प्रार्थी फौजी अभिषेक कुमार द्वारा शनिवार को मामले की रिपोर्ट जयनगर थाना में दर्ज कराई गई है।

## तीन आरोपियों को बसंतपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

# नकली सीबीआई अधिकारी बनकर किया वाट्सएप कॉल, रेप केस में फंसाने के नाम पर की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

साइबर फ्रॉड के मामले में बलरामपुर जिले के बंसतपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने ऐसे गिरोह को पकड़ा है जो लोगों से नकली पुलिस बनकर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहा था। आरोपियों द्वारा वाट्सएप काल के जरिए लोगों को पुलिस व सीबीआई के नाम पर फोन किया जाता था। आरोपी लोगों को उनके बच्चों के रेप केस या किसी अन्य किसी गंभीर अपराध में पकड़े जाने का झांसा देकर ठगी कर रहे थे। आरोपियों ने इसी तरह देहरादून सीबीआई अधिकारी बनकर छात्र के पिता को डरा धमकाकर 70 हजार रुपए ठग लिया। अब पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**खास बात**

- वाड्रफनगर के छात्र के पिता को किया फोन, सीबीआई देहरादून का अधिकारी बनकर किया था फोन, छात्र भी पढता है देहरादून में

शनिवार को इस मामले का खुलासा बलरामपुर जिले की बसंतपुर पुलिस ने किया है। बताया जा रहा है कि वाड्रफनगर निवासी जानकी प्रसाद कुशवाहा ने थाना बसंतपुर में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पुत्र अगस्त 2024 से देहरादून में बीबीए एलएलबी की पढ़ाई कर रहा है। इस दौरान उसके मोबाइल नम्बर पर 2 नवम्बर 2024 को मोबाईल नंबर 923478-774588 से विडियो कॉल आया। वीडियो कॉल करनेव वाला व्यक्ति बाकायदा पुलिस की वर्दी में था और खुद को देहरादून सीबीआई का अधिकारी बताते हुए जानकी प्रासद कुशवाहा को डराते धमकाते हुए कहा कि आपका लकडा रेप केस में फंसा है। उसे जेल भेजना है या छोड़ना है। यदि उसे जेल जाने से बचना है और छोड़ना है 50 हजार रूपए भेज दो। इतना ही नहीं आरोपियों ने जानकारी प्रसाद कुशवाहा को और भी डराने के लिए पीछे से किसी बच्चे के रोने और मारपीट करने की आवाज भी सुनाई। वाट्सएप कॉल पर सुनाई दिया कि पापा मुझे बचा लीजिए। इस घटना के बाद जानकी प्रसाद कुशवाहा का परिवार बुरी तरह से डर गया जिसके बाद उन्होंने आनन फानन में अपने बच्चे को बचाने के लिए कुल 70 हजार रूपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया था लेकिन जब बाद में उन्हें सच्चाई पता चली तो समझ आया कि वे साईबर फ्रॉड के शिकार हुए है। मामले में बसंतपुर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। इस दौरान एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर साइबर क्राइम की जांच के दौरान पुलिस को कुछ सबूत मिले जिसके बाद एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम को यूपी के बरेली भेजा गया था।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### इस तरह पहुंची पुलिस

बताया जा रहा है कि जांच के दौरान पुलिस बरेली में रिजवान अहमद अहमद के पास पहुंची और उसे हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी रिजवान ने पुलिस को बताया कि पैसों की लालच में आकर उसने ही अपना खाता शाकिब और रिफाकत नामक आरोपियों को उपलब्ध कराया था। ऐसे में जब पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो इस गिरोह का खुलासा हुआ। आरोपियों द्वारा दूसरों के बैंक खातों, मोबाइल सिम कार्ड का उपयोग कर लोगों को फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर फोन किया जाता था और फिर रेप समेत अन्य गंभीर अपराध में फंसाने के लिए डरा धमकाकर वसूली की जा रही थी। हालांकि जिस इस गिरोह में अन्य आरोपियों के भी शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने जानकी प्रसाद कुशवाहा से भी ठगी करने की बात स्वीकार कर ली।

### जन सेवा केंद्र में जाकर निकाली राशि

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने ठगी के बाद रकम को भी बेहद शातिर तरीके से बैंक अकाउंट से बाहर निकाला। आरोपी साकिब और रिफाकत जन सेवा केंद्र पहुंचे और बताया कि उनकी बच्ची बीमार है। बच्ची के उपचार के लिए पैसे मंगवाने है। उन्होंने जन सेवा केंद्र वाले से मदद मांगी और रिजवान के खाते में आए रूपए को कैश के रूप में निकाल लिया। पुलिस ने मामले में यूपी के बरेली सीबीगंज निवासी शाबिक खान आ. जाहिद खान, रिफाकत हुसैन आ. लियाकत, व इज्जतनगर निवासी रिजवान अहमद आ. इसरार को बीएनएस की धारा 318 (2) एवं धारा 66 (घ) आईटी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ बरेली में भी इसी तरह फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर ठगी करने के मामले में अपराध दर्ज है और पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। आरोपी जमानत पर जेल से बाहर आ गए थे। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बसंतपुर भारद्वाज सिंह, प्रधान आरक्षक इनायत खान, आरक्षक श्रीकांत यादव सहित अन्य सक्रिय रहे।

### निकाल रहे सटीक जानकारी

इस प्रकरण के बाद एक बात स्पष्ट हो गई है कि फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करने वाले इन आरोपियों का गिरोह काफी बड़ा है और इस गिरोह में और भी आरोपी शामिल हो सकते है। ऐसा इस लिए भी क्यों कि बरेली में बैठे आरोपियों ने देहरादून में पढ़ रहे वाड्रफनगर के छात्र के पिता को फोन लगाया। गूगल से किसी व्यक्ति का मोबाइल नम्बर निकालना तो आसान है लेकिन आरोपियों को यह कैसे पता चला कि उक्त व्यक्त का पुत्र देहरादून में पढ़ रहा है। संभावना जताई जा रही है कि आरोपियों द्वारा बाहर पढ़ाई करने गए बच्चों की जानकारी वे संस्थानों के भीतर से बाहर निकाल रहे है। हालांकि इस मामले में पुलिस अधिकारीयों द्वारा फिलहाल जांच किए जाने की बात कही जा रही है।



## सरगुजा सांसद ने रेल मंत्री अश्विनी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाक़ात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। इस पत्र के माध्यम से सांसद श्री महराज ने अम्बिकापुर क्षेत्र की कई लंबित रेल संबंधी मांगों को शीघ्र स्वीकृत करने आग्रह किया है। सांसद चिंतामणि महराज ने नागरिकों के हितों को ध्यान रखते हुए पत्र के माध्यम से प्रमुख मांग की है कि ट्रेन संख्या 22407 (अंबिकापुर-दिल्ली) और 22408 (दिल्ली-अंबिकापुर) का संचालन सप्ताह में दो बार किए जाए, साथ ही इस ट्रेन का रूट मैहर, सतना, चित्रकूट, बांदा, कानपुर होते हुए दिल्ली तक करने की मांग की है।

- रेल सुविधाओं के विस्तार हेतु सौंपा ज्ञापन

इसके अलावा, इस ट्रेन में पैंट्री कार जोड़ने, स्लीपर कोच की संख्या बढ़ाने और जनरल कोच प्रारंभ करने का भी अनुरोध किया गया है। इसके अलावा, ट्रेन संख्या 11201 और 11202 (शहडोल-नागपुर) का परिचालन अंबिकापुर से करने की मांग उठाई गई है। साथ ही, सूरजपुर और विश्रामपुर रेलवे स्टेशनों के प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाने और उन्हें शेड से कवर करने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है। सांसद श्री महराज ने अम्बिकापुर को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ने की महत्ता पर जोर देते हुए अम्बिकापुर-रेणुकूट और अम्बिकापुर-बड़वाडीह रेल लाइन को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने इस परियोजना के लाभों को गिनाते हुए बताया गया कि इस क्षेत्र को बनारस और दिल्ली से सीधा जोड़ा जा सकेगा, जिससे व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। रेल नेटवर्क विस्तार से अयोध्या, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और जगन्नाथ पुरी जैसे धार्मिक स्थलों तक सीधी पहुंच उपलब्ध होगी, जिससे पर्यटन को भी लाभ मिलेगा। इसके अलावा, सरगुजा और सिंगरौली के कोयला उत्पादक क्षेत्रों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी, जिससे कोयला परिवहन में भी तेजी आएगी और यह परियोजना आर्थिक दृष्टि से अत्यधिक लाभकारी साबित होगी। सांसद श्री चिंतामणि महराज ने स्थानीय जनता की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से इस पर जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया है।

## नपं बिश्रामपुर के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों व शिवनन्दनपुर संचालन समिति के सदस्यों ने सीएम से की मुलाकात



**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों समेत शिवनन्दनपुर संचालन समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की है। मुलाकात के दौरान क्षेत्र के विकास के संबंध में चर्चा की गई।

गौरतलब है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव, उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान व पार्षदों समेत शिवनन्दनपुर संचालन समिति के अध्यक्ष कृष्ण गोयल समेत अन्य सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके रायपुर स्थित निवास में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी व भटगांव विधायक व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में शुक्रवार को मुलाकात की है। यहां पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से कहा कि क्षेत्रवासियों के साथ सतत संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण करते हुए विकास करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब ट्रिपल इंजन की सरकार चलेगी। सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि जिम्मेदारी के साथ क्षेत्र के लोगों के सुख व दुःख में सहभागिता निभाएं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, पूर्व पापुनि अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अजय गोयल, कृष्ण गोयल बल्लु, शितिकान्त स्वाईं, श्यामू साहू, मनी बग्गा व अन्य उपस्थित थे।

- क्षेत्र में विकास की गति तेज करने को लेकर मुख्यमंत्री ने किया आश्वस्त

## मजदूर कांग्रेस के द्विवार्षिक अधिवेशन में नई कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस करंजी शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को बिश्रामपुर स्टेशन प्रांगण में संपन्न हुआ। अधिवेशन में अतिथियों के समक्ष नई कार्यकरिणी घोषित की गई।

अधिवेशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसईसीआरएमसी के मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री सहित आमन्त्रित अतिथियों ने महात्मा गांधी के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का प्रतिवेदन करंजी ब्रांच सचिव पप्पू सिंह ने प्रस्तुत करते हुए यूनियन की गतिविधियों सहित रेल कर्मचारियों के हित में किए के कार्यों को उपस्थितजनों को बताया गया। अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री ने कहा कि मजदूर कांग्रेस रेल कर्मचारियों के हित मे लगातार कार्य कर रही है, आगे भी पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करती रहेगी, उन्होंने पिछले दिनों सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से जख्मी हुए सूरजपुर रोड के स्टेशन मास्टर रवि गुप्ता के बेहतर ईलाज के लिए रेल प्रबंधन से हरसंभव मदद दिलाने हेतु आश्वस्त किया, उन्होंने ट्रैक मैन पद से जुड़ी समस्याओं के विषय में कहा कि उनकी समस्याओं के हर स्तर पर निदान के लिए प्रयास जारी है, उनकी पहली प्राथमिकता रेलवे मे रिक्त पदों पर जल्दी भर्ती की मांग की है। अधिवेशन मे ओल्ड पेंशन स्कीम को केंद्र सरकार से लागू करने की मांग पूरे समय तक कार्यक्रम में उठती रही।कार्यक्रम का संचालन कर रहे मजदूर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया कि पचास सालों से अधिक समय तक से चल रहे अर्बन बैंक कॉपरेटिव चुनाव में मजदूर कांग्रेस ने लाल झण्डे को विदा करते हुए भाई भतीजावाद के साम्राज्य को खत्म कर दिया है।कार्यक्रम को अन्य अतिथियो ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान जोनल अध्यक्ष ने करंजी शाखा के नवीन कार्यकरिणी की घोषणा की।



कार्यक्रम में शामिल अतिथि।

घोषित कार्यकारिणी में मनीलाल राजवाड़े को अध्यक्ष,पप्पू कुमार सिंह सचिव,डीके पॉल कोषाध्यक्ष, जेके जेना कार्यकारी अध्यक्ष, मुनीब प्रसाद व धर्मेंद्र तिवारी उपाध्यक्ष, सुभम, कृष्णकुमार, विनोद खलखो, गंगा सागर सहायक सचिव, अभिलाष कुमार, आलोक कुमार संगठन सचिव बनाए गए हैं। कार्यक्रम में डीके स्वाई, बी कृष्ण कुमार, राजेश खोब्रागडे, आरके यादव, अशोक सिंह सहित बड़ी संख्या में रेलवे के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करने चलाया गया जागरूकता अभियान

**सेदम/बतौली।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत ग्राम पंचायत बतौली को मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से स्वच्छता चौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिपं सीईओ के निर्देश पर जनपद पंचायत बतौली के के ग्राम पंचायत बतौली में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत प्रचार प्रसार एवं जन जागरूकता कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम के तहत स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर से लेकर गली मोहल्ले और ग्राम पंचायत को प्लास्टिक मुक्त बनाने, गांव में साफ़ सफाई सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।




स्वच्छताग्रही दीदियों को सूखा कचरा का संकलन संग्रहण एवं सेग्रीगेशन सेंटर के माध्यम से रीसायकल, पृथ्थक्करण करने पर चर्चा हुई साथ ही ग्रामीणों ने रैली के माध्यम से ग्रामवासियों को स्वच्छ मॉडल ग्राम विकसित करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के विकास खंड समन्वयक हुलेश्वर प्रसाद पैकरा, संकुल समन्वयक गोपाल राम टेकाम, जनपद पंचायत के वरिष्ठ करारोपण कड़क राम, कमलेश भार्गव, सिहार साय बखला, सरपंच श्रीमती जगरमती पैकरा, नितिन गुप्ता, सीताराम, राजाराम, कलम, नीलमणि, प्रिया किंडो, फुलेश्वरी व स्वच्छाग्रही दीदियां, मितानिन, आम्बा कार्यकर्ता व समूह की दीदियां मौजूद थी।

### सरस्वतीपुर में युवक ने लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** सरस्वतीपुर गांव में मानसिक रूप से अस्वस्थ 22 वर्षीय युवक भूलेश्वर पिता रमेश केवट ने बीती रात घर के समीप बन रहे अटल आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## ग्रामीणों ने गांव की 16 सूत्रीय मांगों को लेकर आमगांव खदान में किया प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव खदान में शनिवार को कोल खदान प्रभावित गांव साल्ही के सरपंच कमलो बाई की अगुवाई में विभिन्न मांगों को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने खदान पहुंचकर कोयला उत्पादन व परिवहन बाधित कर दिया।

- आठ घंटे तक बाधित रही कोल खदान, कम्पनी प्रबंधन के आश्वासन के बाद आंदोलन हुआ समाप्त

खदान में ग्रामीणों के पहुंचने से काम बाधित कर देने के एसईसीएल कम्पनी प्रबंधन की सूचना पर एसडीएम व पुलिस महकमा खदान पहुंचा एवं कम्पनी प्रबंधन के साथ ग्रामीणों से घंटों तक चर्चा हुई, तत्पश्चात एसईसीएल कम्पनी प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों की मांग पर शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिया, तब जाकर ग्रामीणों का गुस्सा शांत हूआ और आंदोलन को समाप्त किया। ग्रामीणों के उक्त आंदोलन से सात से आठ घण्टे तक कोल खदान बाधित रहने की जानकारी है।बताया गया कि ग्रामीणजन गांव की 16 सूत्रीय मांगों को लेकर खदान में प्रदर्शन करने पहुंचे थे, इसमें मूलभूत सुविधाओं के अतिरिक्त जमीन के बदले नौकरी मामले में हो रहे अत्यंत विलंब का मामला प्रमुख रूप से सामने आया है।साल्ही सरपंच ने एसईसीएल महाप्रबंधक के नाम सौंपे ज्ञापन में गांव मे खदान से गिरे जलस्तर को ध्यान में रखते हुए पेयजल की आपूर्ति की मांग,खोरखोरी पारा से कटई नाखा पहुँच मार्ग में नदी पर पुल निर्माण और साल्ही पहुँच मार्ग में एसईसीएल द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए सड़क निर्माण की मांग,हैवी ब्लास्टिंग से हो रहे नुकसान पर वैकल्पिक व्यवस्था,गांव में समय समय पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने,गांव में तालाब निर्माण,खेल मैदान,मिनी स्टेडियम के निर्माण सहित अन्य मांगे शामिल हैं।



सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport